नाशिक | Friday, 11 September 2026

# भादरा मे बिजली बोर्ड से जुलाहों की ढाणी तक स्ट्रीट लाइट परियोजना स्वीकृत, विधायक संजीव बेनीवाल का जताया आभार

राजेश चौधरी

Published on 27 Jul 2026



राजेश चौधरी | भादरा | समाचार वाणी न्यूज़

हनुमानगढ़ जिले के भादरा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति देते हुए **बिजली बोर्ड से हाथीपुरा होते हुए जुलाहों की ढाणी तक मुख्य मार्ग पर स्ट्रीट लाइटिंग कार्य** स्वीकृत किया गया है। इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए **भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष हरि प्रकाश शर्मा** के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने विधायक **संजीव बेनीवाल** से मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर हरि प्रकाश शर्मा ने कहा कि यह स्ट्रीट लाइटिंग कार्य क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से लंबित मांग थी। परियोजना के पूरा होने के बाद रात के समय आवागमन अधिक सुरक्षित और सुगम होगा। साथ ही क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी और आमजन को बेहतर बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

उन्होंने विधायक संजीव बेनीवाल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए लगातार जनहित के कार्य किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की आधारभूत सुविधाओं में निरंतर सुधार हो रहा है।

इस दौरान भाई अयूब जमाला सहित जनाब यूसुफ, असलम दौलतखानी, डीपी वर्मा, मुकेश सेवदा, लाल मोहम्मद जन, भागचंद जेवलियां एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे। सभी ने इस विकास कार्य के लिए विधायक का आभार व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.